# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2019 के क्रॉस लिस्ट, अंक पत्रक आदि के वितरण एवं प्रमाण पत्रों में हुए त्रुटि संशोधन से संबंधित आवश्यक सूचना

### विज्ञप्ति संख्या - 44/2019

एतद् द्वारा सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रधानों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2019 के क्रॉस लिस्ट, अंक पत्रक, औपबन्धिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र आदि विद्यालय के प्रधान स्वयं अथवा उनके द्वारा अधिकृत दूत के माध्यम से **दिनांक 06.06.2019** से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त कर लेंगे।

जिन छात्रों के अंक पत्रक आदि में नाम, पिता/माता का नाम, सूचीकरण संख्या आदि में त्रुटि हो तो ऐसे छात्र संशोधन हेतु आवेदन समुचित साक्ष्य के साथ (पंजीयन रसीद, प्रवेश पत्र और अंक पत्रक की छाया प्रति के साथ) **दिनांक 29.06.2019** तक संबंधित विद्यालय में नि:शुल्क जमा करेंगे। संबंधित विद्यालय प्रधान सभी आवेदनों को सूचीबद्ध कर अग्रसारित करते हुए परिषद् कार्यालय में **दिनांक 06.07.2019** तक अवश्य ही जमा करेंगे। इस तिथि के पश्चात् संशोधन शुल्क ₹400/- (चार सौ रूपये) के साथ आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

**नोटः वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2018 के उत्तीर्ण छात्रों का मूल प्रमाण पत्र भी वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है।**

**अध्यक्ष के आदेश से,**

**ह./-**

**सचिव,**

**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/मा.गो./5382/10-SECY/310/19
Dt. 04.06.2019
D.O.P. 05.06.2019